## संपादकीय

# ऊंची महंगाई वास्तविक आय को प्रभावित कर रही

बैलेंस सीट को सुधारना अच्छी बात है। लेकिन मुनाफे और श्रमिकों की आय के बीच संतुलन भी बने रहना चाहिए। यह नहीं रहा, तो अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मांग नहीं बचेगी और कॉर्पोरेट उत्पादों की खरीद नहीं होगी।'

सरकार के कर्ता-धर्ताओं को अहसास होने लगा है कि भारत की 'ग्रोथ स्टोरी' कहीं अटक गई है। वजह आबादी के बहुत बड़े वर्ग की उपभोग क्षमता में गिरावट है।

नतीजतन मांग गिर गई है और उसका असर अब कॉरपोरेट सेक्टर पर भी पड़ रहा है। यह स्थिति बनी रही, तो जीडीपी की तीव्र वृद्धि दर के दावे को कायम रखना कठिन हो जाएगा।

वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की ताजा चिंता का यही संदर्भ है। पिछले हफ्ते एसोचैम के एक आयोजन में उन्होंने कॉरपोरेट मुनाफे और श्रमिकों की आमदनी के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया।

कहा कि कॉरपोरेट का मुनाफा 15 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है। लेकिन इससे हुई आमदनी के ज्यादातर हिस्से का इस्तेमाल कंपनियों ने ऋण चुकाने में किया है। लेकिन कॉरपोरेट मुनाफे की तुलना में कर्मचारियों की तनख्वाह नहीं बढ़ी है। नागेश्वरन ने कहा- 'बैलेंस सीट को बेहतर करना अच्छी बात है। लेकिन कॉरपोरेट मुनाफे और श्रमिकों की आय वृद्धि के बीच संतुलन बने रहना चाहिए। यह अनुपात कायम नहीं रहा, तो अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मांग नहीं बचेगी और कॉर्पोरेट उत्पादों की खरीद नहीं होगी।' यह वो बात है, जिस पर अनेक विशेषज्ञ पहले से रोशनी डालते रहे हैं।

पिछले कुछ समय से कंपनी अधिकारी और मार्केट एजेंसियां भी इस बात को दो-टूक से कहने लगी हैं कि देश में मध्य वर्ग ढह रहा है।

इससे संबंधित ताजा रिपोर्ट मार्केट एजेंसी- कैंटार की आई है। शीर्षक गौरतलब है: इंडिया ऐट क्रॉसरोड्स (चौराहे पर भारत)।

कैंटार साउथ एशिया के महानिदेशक सौम्य महंती ने कहा- 'कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार व्यावहारिक रूप में 'के' आकार का रहा है, जिसमें मध्य वर्ग पिस गया है।

2024 में बड़े दायरे में लोग ने महसूस किया कि वे पहले की तुलना में गरीब हो गए हैं। इसका परिणाम उपभोक्ता विश्वास के गतिरुद्ध होने के रूप में सामने आया है।'

कैंटार के मुताबिक अगले वर्ष भी मांग मद्धम ही रहेगी, क्योंकि ऊंची महंगाई वास्तविक आय को प्रभावित कर रही है। अच्छी बात है कि अब सरकारी अधिकारी भी इसे मान रहे हैं। लेकिन क्या उनके पास कोई समाधान भी है?

# आरबीआई ने सब्सिडी खर्च बढ़ाए जाने पर जताई चिंता, दी सलाह

**नई दिल्ली**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में राज्यों को चेतावनी दी गई है. आरबीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक कृषि लोन माफी, मुफ्त बिजली और परिवहन जैसी रियायतें देने से उनके सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के लिए महत्वपूर्ण संसाधन खत्म हो सकते हैं.

हालांकि, राज्य वित्त: बजट 2024-25 का अध्ययन शीर्षक वाली आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकारों ने लगातार तीन वर्षों (2021-22 से 2023-24) के लिए अपने सकल राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3 फीसदी के भीतर रखकर राजकोषीय समेकन की दिशा में सराहनीय प्रगति की है.

राज्यों ने 2022-23 और 2023-24 में राजस्व घाटे को जीडीपी के 0.2 फीसदी तक सीमित रखा है.

रिपोर्ट के अनुसार राजकोषीय घाटे में कमी ने राज्यों को अपने पूंजीगत खर्च को बढ़ाने और खर्च की गुणवत्ता में सुधार करने की गुंजाइश दी है. रिपोर्ट में कहा गया है कि कई राज्यों ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने बजट में कृषि लोन माफी, कृषि और घरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त परिवहन, बेरोजगार युवाओं को भत्ते और महिलाओं को नकद सहायता की घोषणा की है. इस तरह के खर्च से उनके पास उपलब्ध संसाधन खत्म हो सकते हैं और महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के निर्माण की उनकी क्षमता में बाधा आ सकती है.

आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार सब्सिडी पर खर्च में तेज वृद्धि ने शुरुआती तनाव का क्षेत्र बनाया है, जो कृषि लोन माफी, मुफ्त/सब्सिडी वाली सेवाओं (जैसे कृषि और घरों को बिजली, परिवहन, गैस सिलेंडर) और किसानों, युवाओं और महिलाओं को कैश ट्रांसफर के कारण है. रिपोर्ट के अनुसार राज्यों को अपने सब्सिडी खर्च को नियंत्रित और युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता है ताकि इस तरह के व्यय से अधिक उत्पादक खर्च में बाधा न आए.

आरबीआई के अध्ययन के अनुसार उच्च लोन-जीडीपी अनुपात, बकाया गारंटी और बढ़ते सब्सिडी बोझ के कारण राज्यों को विकास और पूंजीगत व्यय पर अधिक जोर देकर राजकोषीय समेकन के रास्ते पर बने रहने की जरूरत है. इसके अलावा व्यय की गुणवत्ता में सुधार भी जरूरी है.

हालांकि, राज्यों की कुल बकाया देनदारियां मार्च 2024 के अंत में घटकर 28.5 प्रतिशत रह गई हैं, जबकि मार्च 2021 के अंत में यह जीडीपी का 31 प्रतिशत था. लेकिन यह अभी भी महामारी से पहले के स्तर से ऊपर बना हुआ है.

# सप्ताह के आखिरी दिन रेड जोन में खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 181 अंक लुढ़का, निफ्टी 23,906 पर

**मुंबई**

कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 181 अंकों की गिरावट के साथ 79,036.33 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 23,906.40 पर खुला.

आज के कारोबार के दौरान हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी, धनलक्ष्मी बैंक, टॉलिन्स टायर्स, इंटरग्लोब एविएशन, जोडिएक एनर्जी, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग, हुंडई मोटर इंडिया, भारती एयरटेल, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी और एजीएस ट्रांजेक्ट टेक्नोलॉजीज जैसे स्टॉक फोकस में रहेंगे.

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में एक चौथाई अंक की कटौती की और भविष्य में कटौती की धीमी गति का संकेत दिया, जिससे आज बाजार में भारी बिकवाली हुई. कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 964 अंकों की गिरावट के साथ 79,218.05 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 1.00 फीसदी की गिरावट के साथ 23,957.25 पर बंद हुआ.

कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी पर सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व शामिल हैं, जबकि डॉ रेड्डीज, सन फार्मा और सिप्ला सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले शेयर रहे

फार्मा को छोडक़र सभी सेक्टरों ने भारी गिरावट के साथ सत्र का बंद हुआ. सबसे ज्यादा गिरावट निफ्टी आईटी, निफ्टी ऑटो और बैंक निफ्टी में देखी गई, जो करीब 2 फीसदी गिरे. निफ्टी आईटी, बैंक निफ्टी और निफ्टी रियल्टी सूचकांकों में भारी गिरावट आई, जिनमें से प्रत्येक में भारी बिकवाली के दबाव में 1 फीसदी से अधिक की गिरावट आई.

# तापसी पन्नू ने फिल्म गांधारी से साझा कीं अपनी झलकियां, लिखा- युद्ध शुरू हो रहा है

अभिनेत्री तापसी पन्नू को पिछली बार अक्षय कुमार के साथ फिल्म खेल खेल में में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।अब तापसी अपनी आगामी फिल्म गांधारी की तैयारी में जुट गई हैं। उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।इसके साथ तापसी ने गांधारी से अपनी कुछ झलकियां साझा की हैं, जिसमें वह तमाम स्टार कास्ट के साथ नजर आ रही हैं।

तापसी ने लिखा, हे प्रभु, मेरी प्रार्थना स्वीकार करो। मैं कभी भी अच्छे कर्म करने से विमुख न हो जाऊं। युद्ध में जाते समय मुझे शत्रुओं का भय न रहे और मैं दृढ़ निश्चय के साथ विजय हो जाऊं। मैं अपने मन को केवल आपके गुणगान करने की शिक्षा दूं। जब समय आए तो युद्ध के मैदान में वीरतापूर्वक लड़ते हुए मर जाऊं।गांधारी के निर्देशन की कमान कनिका ढिल्लों ने संभाली है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# बाजार में लिस्ट हुआ इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट का आईपीओ

❒ निवेशकों को दिया 22 प्रतिशत का रिटर्न

**मुंबई**




ब्लैकस्टोन के स्वामित्व वाली इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (आईजीआई) के शेयरों ने शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक व्यापक बाजार के अनुरूप ठोस शुरुआत की. इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) के शेयर 22 फीसदी प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए. आईजीआई के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में 504.85 रुपये पर सूचीबद्ध हुए, जो आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) मूल्य 417 प्रति शेयर से 21 फीसदी का प्रीमियम है. एनएसई पर शेयर इश्यू पीस के मुकाबले 22.3 फीसदी बढक़र 510 प्रति शेयर पर सूचीबद्ध हुआ.

लिस्टिंग बाजार की उम्मीदों से कम थी क्योंकि शेयर ग्रे मार्केट में इश्यू प्राइस से 38 फीसदी प्रीमियम पर कारोबार कर रहा था.

इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) के शेयर आज शेयर बाजार में पहली बार खुले. आईपीओ का प्राइस बैंड 397-417 रुपये था. 4,225 करोड़ रुपये मूल्य के आईपीओ में 35.48 गुना की मजबूत सब्सक्रिप्शन दर देखी गई, जो योग्य संस्थागत खरीदारों की उच्च मांग के कारण हुई, जिन्होंने 48 गुना सब्सक्राइब किया.

इस पेशकश में 1,475 करोड़ रुपये का नया इश्यू और 2,750 करोड़ रुपये का ऑफर-फॉर-सेल शामिल है. कंपनी ने इस फंड का यूज आईजीआई बेल्जियम ग्रुप और आईजीआई नीदरलैंड ग्रुप के अधिग्रहण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने की योजना बनाई है. हीरे और रंगीन पत्थरों के लिए सर्टिफाइड सेवाएं देने वाली आईजीआई की वैश्विक स्तर पर 33 फीसदी बाजार हिस्सेदारी है. एक्सिस कैपिटल और कोटक महिंद्रा कैपिटल सहित शीर्ष निवेश फर्मों ने आईपीओ का प्रबंधन किया.

# बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 में हराया, पहली बार सीरीज में किया क्लीन स्वीप

**नईदिल्ली**

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में लिटन दास की टीम को 80 रन से जीत मिली है।इसी के साथ 3 मैचों की टी-20 सीरीज में उसने कैरिबियाई टीम पर क्लीन स्वीप कर दिया है। यह पहला मौका है जब बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज के खिलाफ किसी टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया है।बांग्लादेश ने 189/7 का स्कोर बनाया था। जवाब में वेस्टइंडीज 109 रन पर ऑलआउट हो गई।

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एक समय टीम के 3 बल्लेबाज 65 रन पर पवेलियन में थे।जेकर अली ने अकेले पारी संभाली और उन्होंने 41 गेंदों का सामना करते हुए 72 रन बनाए। मेंहदी हसन मिराज ने उनका अच्छा साथ निभाया और 29 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने 2 विकेट लिए।जवाब में वेस्टइंडीज के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। रिशाद हुसैन ने 3 विकेट झटके।

जेकर के टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का यह दूसरा अर्धशतक है। यह उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। उन्होंने अपनी 72* रन की पारी में 3 चौके और 6 छक्के भी लगाए। उनकी स्ट्राइक रेट 175.61 की रही।जेकर ने अब तक 22 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इसकी 20 पारियों में 7 बार नाबाद रहते हुए 28.76 की औसत और 122.22 की स्ट्राइक रेट से 374 रन बनाने में सफल रहे हैं।

बांग्लादेश के गेंदबाजों ने मैच में कमाल का प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को कोई मौका ही नहीं दिया।तस्कीन अहमद ने 3.4 ओवर गेंदबाजी की और 30 रन देकर 2 विकेट लिए। मेंहदी हसन ने 3 ओवर में सिर्फ 13 रन खर्च किए और 2 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।तंजीम हसन साकिब और हसन महमूद को 1-1 सफलता मिली। 3 विकेट लेने वाले रिशाद ने 4 ओवर में सिर्फ 21 रन खर्च किए।

वेस्टइंडीज के लिए इस टी-20 सीरीज में कुछ अच्छा नहीं रहा है। रोवमैन पॉवेल की कप्तानी में यह टीम पिछली 3 सीरीज हार चुकी है। इससे पहले उनको इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने 3-1 और श्रीलंका ने 2-1 से हराया था।बांग्लादेश को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से हार मिली थी। इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को 7 रन से जीता और दूसरे टी-20 में उसे 27 रन से जीत मिली थी।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25: ऑस्ट्रेलिया ने शेष 2 टेस्ट के लिए घोषित की टीम

**नईदिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से खेला जाना है।ऐसे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (ष्ट्र) ने शुक्रवार को शेष 2 टेस्ट मैचों के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इसमें पिछले महीने टेस्ट डेब्यू करने वाले नाथन मैकस्वीनी को टीम से बाहर कर दिया गया है।उनकी जगह युवा सैम कोनस्टास को शामिल किया गया है। कोनस्टास का घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन रहा है।

ऑस्ट्रेलिया की टीम: पैट कमिंस (कप्तान), ट्रेविस हेड (उपकप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिश, उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झए रिचर्डसन, मिचेल स्टार्क और बाउ वेबस्टर।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मैकस्वीनी की जगह युवा सनसनी कोनस्टास और रिजर्व खिलाड़ी जोश इंग्लिश को भी टीम में जगह दी है।इसी तरह चोट से जूझ रहे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को बुलाया है। बोलैंड का दूसरे टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन था।बता दें कि मैकस्वीनी का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। वह 3 टेस्ट की 6 पारियों में 14.4 की औसत से केवल 72 रन बना पाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 39 रन रहा है।

टीम चयन में बड़ी बात यह रही है कि चोट (ग्रोइन इंजरी) से जूझ रहे ट्रेविस हेड को भी टीम में शामिल किया गया है। कहा जा रहा है क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उनके 5वें टेस्ट तक फिट होने की उम्मीद है। मैकस्वीनी ने ऑस्ट्रेलिया-ए की ओर से इंडिया-ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में 39 और 88* रन के स्कोर किए थे।उनका घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट शेफील्ड शील्ड 2024-25 में भी दमदार प्रदर्शन रहा था। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करते हुए उन्होंने 2 मैचों की 4 पारियों में 97.00 की औसत के साथ 291 रन बनाए थे, जिसमें 1 शतक और 2 अर्धशतक शामिल थे।हालांकि, भारत के खिलाफ तीनों टेस्ट में वह लगातार संघर्ष करते नजर आए।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 टेस्ट मैचों की यह सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है।भारतीय टीम ने पर्थ टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 295 रनों से जीत दर्ज की थी।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे, अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। इस राशि के वकीलों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, नए क्लाइंट के साथ मीटिंग होगी।

***वृष-*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आज पैसो से रिलेटेड सारी परेशानियों का हल जल्दी ही निकल आयेगा। किसी खास रिश्तेदार के घर आगमन से खुशियों का माहौल बनेगा। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा।

***मिथुन-*** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ देने वाला रहेगा। आज अपने बेटे के अच्छे करियर के लिए आपको अपना निवास स्थान चेंज करना पड़ सकता है। नए स्थान पर आपका बिजनेस ज्यादा ग्रो करेगा और आपके बेटे का करियर भी अच्छा बनेगा।

***कर्क-*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस को दूर दराज़ तक फ़ैलाने के लिए आज आप अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे, जिससे बिजनेस को आगे बढ़ाने में आ रही परेशानियाँ दूर होंगी।

***सिंह-*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। किसी नए बिजनेस में इन्वेस्ट करने के लिए आप एक्सपर्ट की सलाह लेंगे। परिवार में चल रही अनबन आज समाप्त होगी, जिससे परिवार से आपको सपोर्ट मिलेगा।

***कन्या-*** आज आपका दिन आपके फेवर में रहेगा। इस राशि के जो लोग मार्बल्स के बिजनेस से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग अपना रुतबा कायम रखेंगे।

***तुला-*** आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। आप अपने करियर में नया आयाम स्थापित करने में सफल रहेंगे। परिवार में चल रही अनबन को लेकर आप सबके साथ विचार विमर्श करेंगे, शाम तक सब सही हो जायेगा।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन लकी रहेगा। हाउसिंग प्रोजक्ट पर काम करने वाले लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आप नया वाहन लेने से पहले अपने परिवार वालों से विचार करेंगे। परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

***धनु-*** आज आपका दिन नया बदलाव लेकर आयेगा। बड़ी बेटी का सिलेक्शन किसी अच्छी जॉब में हो जाने पर घर में खुशियों का माहौल रहेगा। घर की सजावट के लिए आपको जिम्मेदारी दी जा सकती है। ऑफिस में आपके काम करने के तरीके को देखकर आपके विरोधी आपकी हेल्प मांगेंगे।

***मकर-*** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज बिजनेस वर्ग के लोगों के लिए दिन शुभ हैं । धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं । साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा ।

***कुंभ-*** आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है । आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी । आज आप दूसरों को बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे । रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा।

***मीन-*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग आज कैंसिल हो सकती है। आपको आज फिजूल की बातों में पडऩे से बचना चाहिए।

# मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर कैसा है भारत और ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन?

❒ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25

**नईदिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच गाबा में खेला गया तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। फिलहाल 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।अब सीरीज का चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में फिर से बढ़त बनाना चाहेगी।आइए इस मैदान पर दोनों टीमों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

भारतीय टीम ने इस मैदान पर 14 मुकाबले खेले हैं। उसे 4 मैच में जीत मिली है और उसने 8 में हार झेली है। इसके अलावा 2 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।भारतीय टीम का सर्वोच्च स्कोर 465 रन और सबसे कम स्कोर 67 रन रहा है।यहां पर भारत ने अपना आखिरी टेस्ट दिसंबर 2020 में खेला था, जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया था। साल 2018 में भी भारतीय टीम को 137 रन से जीत मिली थी।

ऑस्ट्रेलिया ने इस मैदान पर 116 मुकाबले खेले हैं। उसे 67 मैच में जीत मिली है और उसने 32 में हार झेली है। इसके अलावा 17 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।मेलबर्न के मैदान पर उनका सर्वोच्च स्कोर 624 रन और सबसे कम स्कोर 83 रन रहा है।यहां पर कंगारू टीम ने अपना आखिरी टेस्ट दिसंबर 2023 में खेला था, जिसमें उसने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 79 रन से हराया था। यहां ऑस्ट्रेलिया ने अपने पिछले 3 टेस्ट जीते हैं।

सचिन तेंदुलकर मेलबर्न में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय हैं। उन्होंने 5 टेस्ट में 449 रन बनाए थे।

# वनवास का नया गाना छबीली के नैना जारी, नाना पाटेकर ने खुद गाया




हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक अनिल शर्मा पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म वनवास को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।इस फिल्म में उनके बेटे और अभिनेता उत्कर्ष शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर भी इस फिल्म अहम हिस्सा हैं। वनवास को आज 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।रिलीज से एक दिन पहले अब निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना छबीली के नैना जारी कर दिया है। खास बात यह है कि वनवास के नए गाने छबीली के नैना को पाटेकर ने खुद गाया है। शान, मोंटी शर्मा, गौरव चाटी और संचारी सेनगुप्ता ने भी इस गाने को अपनी आवाज दी है।वनवास में पाटेकर और उत्कर्ष के अलावा खुशबू सुंदर, राजपाल यादव, सिमरत कौर रंधावा, मनीष वाधवा और अश्विनी कालसेकर समेत कई और कलाकर भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।इस फिल्म की कहानी एक पिता और बेटे के रिश्ते पर आधारित है।

# द रोशंस की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, 17 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर दिखेगी तीन पीढ़ियों की विरासत



ऋतिक रोशन, राकेश रोशन और राजेश रोशन जल्द ही एक बेहद खास प्रोजेक्ट में एक साथ नजर आने वाले हैं। कुछ समय पहले ही नेटफ्लिक्स की बहुप्रतीक्षित डॉक्यूमेंट्री सीरीज द रोशंस की घोषणा की गई थी, जो रोशन परिवार की फिल्म इंडस्ट्री में कई पीढिय़ों की विरासत को दर्शाएगी। अब एक नए पोस्टर के साथ इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज की रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है।

नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर द रोशंस का नया पोस्टर शेयर किया गया। इस पोस्टर में ऋतिक रोशन, राकेश रोशन और राजेश रोशन एक साथ बैठे हुए दिख रहे हैं, जबकि उनके पीछे दिवंगत रोशन लाल नागरथ की तस्वीर है। पोस्ट के कैप्शन में डॉक्यूमेंट्री सीरीज से क्या उम्मीद की जा सकती है, यह बताया गया है और रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया है।

पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, लाइट्स, कैमरा, फैमिली! संगीत, फिल्मों और एक ऐसे रिश्ते के माध्यम से द रोशंस की दुनिया में डूब जाइए जो विरासत को परिभाषित करता है। देखिए द रोशंस, 17 जनवरी को केवल नेटफ्लिक्स पर।

पोस्ट पर फैंस की खुशी थमने का नाम नहीं ले रही थी। एक व्यक्ति ने लिखा, बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं! काउंटडाउन शुरू हो चुका है, जबकि दूसरे ने लिखा, 'द रोशन्स' की विरासत देखने के लिए एक्साइटेड हूं। एक और कमेंट में लिखा गया, भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के महान लोगों पर प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री देखने का इंतजार है। 17 जनवरी - तारीख सेव कर ली। कई अन्य फैंस ने रेड हार्ट और फायर इमोजी के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

द रोशंस का निर्देशन शशी रंजन ने किया है। सूत्रों के मुताबिक इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज में बॉलीवुड के कई सितारों के इंटरव्यू भी होंगे, जिन्होंने रोशन परिवार के साथ काम किया है। राकेश रोशन ने इस साल की शुरुआत में शाहरुख खान का द रोशंस में योगदान के लिए धन्यवाद किया था।


## शब्द सामर्थ्य- 272

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 271 का हल**



## सू-दोकू- 272



**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.271 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |